Live Hindustan

केआरसी रानीखेत में यूनिट हेडक्वार्टर कोटा भर्ती रैली 6 अक्तूबर से

सेना में देश सेवा और सैन्य पारिवारिक पृष्ठभूमि को कामय रखने का सपना संजोए नौजवानों को एक अवसर मिलने जा रहा है।

कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर रानीखेत में 6 अक्तूबर से तीन दिनी यूनिट हेडक्वार्टर भर्ती रैली का आयोजन शुरू होगा। सैनिक जनरल ड्यूटी, सैनिक लिपिक व सैनिक ट्रेडमैन के पदों के लिए प्रस्तावित भर्ती रैली में देश के विभिन्न राज्यों के सैन्य परिवारों से जुड़े युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। सैनिक जीडी (स्पोर्ट्समैन) की ओपन भर्ती में अन्य युवाओं को भी भर्ती का मौका मिलेगा।

पहला दिन
केआरसी के जीएसओ-1 प्रशिक्षण ले. कर्नल जी राम मोहन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार भर्ती रैली के पहले दिन 4 अक्तूबर को सैनिक जीडी (कुमाऊंनी, गोरखा) के लिए उत्तराखंड के सैन्य परिवारों से जुड़े युवाओं की भर्ती होगी।

दूसरा दिन
5 अक्तूबर को सैनिक जीडी (अहीर, राजपूत, गोरखा, नागा) की ही भर्ती में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान व उत्तर-पूर्वी राज्यों के सैन्य आश्रित नौजवान हिस्सा लेंगे। 5 अक्तूबर को ही सैनिक जीडी-स्पोर्ट्समैन (कुमाऊंनी, अहीर, राजपूत, गोरखा, गढ़वाली, नागा) की खुली भर्ती भी आयोजित होगी। इसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान व उत्तर-पूर्वी राज्यों के खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।

तीसरा दिन
6 अक्तूबर को कुमाऊं रेजीमेंट के रिलेशन अभ्यर्थियों के लिए सैनिक लिपिक की भर्ती होगी। इसी दिन होने वाली सैनिक ट्रेडमैन के पदों की भर्ती में सिर्फ सैन्य आश्रित नौजवान हिस्सा लेंगे।

शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की 13 से 22 अक्तूबर तक कागजी कार्रवाई, 17 को स्पोर्ट्स एटीट्यूट टेस्ट, 24 को मेडिकल व सभी सफल अभ्यर्थियों की 29 को लिखित परीक्षा होगी। सैन्य अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से दलालों से सावधान रहने की अपील करते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति को कोई भी कागजात न दें।